राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

**राज्यपाल ने एशियन खेल और एशियाई पैरा खेल में भाग लेने वाले राजस्थान के खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

# खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान का नाम रोशन करें – राज्यपाल

जयपुर, 16 नवंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को राजभवन में एशियन खेल और एशियाई पैरा खेल 2022 में राजस्थान से भाग लेने वाले और विजेता रहे खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने बाद में खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनकी हौसला अफजाई करते हुए आगामी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने एशियाई खेल और पैरा खेल के शीर्ष पदक प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी खेल में देश को पदक मिलता है तो इससे खिलाड़ी का ही नहीं पूरे देश का नाम चमकता है। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी को चाहिए कि वह खेलों में आंगिक अनुशासन रखते हुए, पूर्ण प्रतिबद्ध होकर अपना सर्वोत्कृष्ट देने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि देश और राज्य में खेल प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास के साथ ही खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राजस्थान के खिलाड़ियों द्वारा सर्वाधिक पदक प्राप्त करने को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रयास किया जाएगा कि यहां के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर संभव सहयोग मिले।

राज्यपाल ने कहा कि एशियन खेलों में राजस्थान के एथलीटों ने पूर्ण समर्पण, धैर्य और खेल भावना से खेलते हुए राजस्थान का नाम रोशन किया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों से एक एक कर संवाद करते हुए कहा कि भविष्य में और दोगुने जोश और जुनून से सभी खेलें। इसी से भारत खेलों में विश्व भर में अपना और महत्वपूर्ण स्थान बना सकेगा। उन्होंने पदक प्राप्त करने वालों और इन खेलों में प्रतिभागी रहे खिलाड़ियों को राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए खेलने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंद राम जायसवाल भी उपस्थित रहे। पूर्व में इन खेलों के कोच बजरंग लाल टेलर, सुरभि मिश्रा, मनीषा राठौड और राजेश टेलर ने अपने अनुभव सुनाये।

––––